सार-समाचार

गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती धाम गोदिया बालाजी मंदिर में यजमान भंवरलाल गोदारा के द्वारा श्री राम कथा शुभारंभ पर वार्ड न 02 राठौड बास स्थित शिवालय मंदिर से गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्याओं महिलाएं कलश लेकर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई गोदिया बालाजी मंदिर धाम पहुंची। विशाल शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शोभायात्रा में दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं ने तलवारों से मुख्य मार्गों पर शौर्य प्रदर्शन किया।डूंगरमल सिंघी ने बताया की श्री राम कथा आयोजन दिनांक 28 अक्टूबर से दिनांक 5 नवंबर तक दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से दोपहर 4 बजे मंदिर परिसर में कथा वाचक पंडित श्रवण कुमार द्वारा किया जाएगा। सप्त कुंडीय पूर्णाहुती हवन दिनांक 5 नवंबर को पुष्कर से आए सात पंडितों द्वारा किया जाएगा। कलश यात्रा में घनश्याम मास्टर ,रामू महिया, नानूराम महिया, पुनाराम जाखड, हनुमानदास स्वामी, रामनारायण पुनिया, भंवरलाल, गोपालाराम, नेमाराम जिनवा, नरपत शर्मा,पवन शर्मा, अशोक नाहर, ललित नाहर, चूनाराम गढ्वाल, महावीर बेद, रामनरेश गोदारा, विमल टेलर, धनराज नाई, राजेंद्र बच्छावत,गोपाल गुर्जर, मनमोहन शर्मा, सीताराम महिया, हुकमीचंद सिंघी, चिरंजीव सिंघी, डूंगर महिया आदि उपस्थित थे।

गोपाष्टमी पर्व का आगाज

सीकर (निसं)। गो सेवा केन्द्र रैवासा धाम में 30 अक्टूबर को गौशाला में सुबह से ही महिलाओं का दीपदान व सप्त गौमाता मंदिर की परिक्रमा शुरू हो जाएगी।यह जानकारी देते हुए गौशाला समिति के अध्यक्ष पवन मोदी ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः 11बजे कामधेनु द्वार,नये बने गो आवास व कार्यालय का लोकार्पण कार्यक्रम संत शिरोमणी बलदेवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा स्वायत्त शासन व शहरी विकास मंत्री, अध्यक्षता सुभाष महरिया पूर्व केंद्रीय मंत्री, विशिष्ट अतिथि गोरधन वर्मा विधायक धोद विधानसभा के द्वारा किया जाएगा। पवन मोदी के अनुसार इस अवसर पर गो उत्पादों की प्रदर्शनीदी लगाई जाकर गौमाता का महत्व बताया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल लोगों द्वारा क्रय करने पर विशेष छूट दी जाएगी। आयोजन में सीकर शहर व आस पास की माता बहनें व पुरुष सैकड़ों की संख्या में भाग लेंगे। आयोजन की सम्पूर्ण तैयारियां कर ली गई है।

विद्यार्थियों को टाई, बेल्ट एवं आई-कार्ड का वितरण

पाटन (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दलपतपुरा, पाटन में आज कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों को टाई, बेल्ट एवं आई-कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसीबीईओ ताराचंद , विद्यालय के प्रधानाचार्य सांवत राम योगी, उपप्रधानाचार्य हरिकिशन, रवि कुमार वर्मा, सभी शिक्षकगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।प्रधानाचार्य सांवत राम योगी ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत व्याख्याता रतन लाल यादव की प्रेरणा से भामाशाह श्रीमती हरजीत कौर सोही (निवासी श्रीगंगानगर, हाल निवास ऑस्ट्रेलिया) द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया, जिसके माध्यम से यह वितरण कार्य सम्पन्न हुआ।प्रधानाचार्य योगी ने भामाशाह श्रीमती हरजीत कौर सोही का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से विद्यार्थियों में अनुशासन, एकरूपता एवं विद्यालय के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों एवं अध्यापकगण ने भामाशाह के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

जिला हेल्प डेस्क स्थापित

सीकर (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के मद्येनजर जिला स्तर पर मॉनिटरिंग तथा विभिन्न सूचनाओं के संग्रहण के लिए जिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। नियन्त्रण कक्ष के प्रभारी जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश महर्षि जिनके मो. नम्बर 7073105057 है को नोडल अधिकारी प्रशासन तथा सत्यनारायण चौहान संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग सीकर जिनके मो. 9784018380 है को नोडल अधिकारी (तकनीकी) नियुक्त किया गया है। जिला हेल्प डेस्क के दूरभाष नम्बर 01572-251008 है। यह जिला हेल्प डेस्क तत्काल प्रभाव से आठ-आठ घण्टे की दो पारियों में 16 घण्टे कार्यरत रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला हैल्प डेस्क में इनके सहायतार्थ कार्मिक नियुक्त किये गये हैं।

डीवीपी के कैडेट देवेंद्र और अनुश्री का सम्मान

डूंडलोद, (निसं)। राइफल शूटिंग में स्वर्ण पदक एवं निबंध प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले स्थानीय डूंडलोद विद्यापीठ के कैडेट देवेंद्र एवं अनुश्री का विद्यापीठ परिसर में सम्मान किया गया। विद्यापीठ के एनसीसी अधिकारी सुरेंद्र सिंह बीका ने बताया कि गुढ़ागौड़जी के जमवाय माता मंदिर में सीकर के एनसीसी 3 राज बटालियन की ओर से आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर मे कैडेट देवेंद्र ने राइफल शूटिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और कैडेट अनुश्री ने निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों कैडेट्स को शिविर के समापन पर सेना मेडल कर्नल जगदीप सिंह लांबा की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यापीठ परिसर में संस्था सचिव मुकेश पारीक, प्राचार्य एसके शर्मा, उप प्राचार्य अशोक सैन एवं एनसीसी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बीका ने दोनों कैडेट्स को मिठाई खिला कर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

पानी के लिए 86.58 लाख रूपए स्वीकृत

चिड़ावा, (निसं)। भाजपा नेता राजेश दहिया द्वारा लगातार क्षेत्र को सौगातें दी जा रही है। पीने के पानी की समस्या को देखते हुए दहिया प्रयासों से सरकार ने 86 लाख 58 हजार रूपए स्वीकृत करवाए है। जिससे दो ट्यूबवैल चिड़ावा तथा नारी, जोधा का बास तथा नरहड़ में एक-एक ट्यूबवैल बनेंगे। भाजपा नेता राजेश दहिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार जताया है। आपको बता दें कि 34.68 लाख रूपए की लागत से चिड़ावा के वार्ड नंबर 30 तथा भूतनाथ मंदिर के पास एक-एक ट्यूबवैल, नारी में 17.32 लाख रूपए की लागत से, जोधा का बास में 17.28 लाख रूपए से तथा नरहड़ में 17.30 लाख रूपए की लागत से ट्यूबवैल बनेगा। क्षेत्र के लोगों ने भी इसके लिए भाजपा नेता दहिया का आभार जताया है।

नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आज

रतनगढ़, (निसं)। माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान मे 32 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन आज 29 अक्टूबर बुधवार को माहेश्वरी भवन, रामचंद्र पार्क के पास होगा। शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया की स्व गोपाल लाल एवं स्व कँवर मोहता की स्मृति में उनके पुत्र गोरधन मोहता द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता निःशुल्क रहेगी।

निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन मांगे

सीकर (निसं)। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सीकर द्वारा कंप्यूटर अकाउंटिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। प्रशिक्षण के लिए सीकर जिले के ग्रामीण क्षेत्र की युवतियां एवं महिलाओं जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष हो कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। आवदेन फतेहपुर रोड़ स्थित कार्यालय में 30 अक्टूबर तक कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। आरसेटी निदेशक अशोक कालेर ने बताया कि 38 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया निः शुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के पश्चात अभ्यर्थी बैंक ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री अवार्ड 2025 के लिए 3 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री अवार्ड 2025 के लिए एक अक्टूबर 2025 से रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन प्रारंभ कर दिये गए हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री अवार्ड 2025 के लिए आवेदन करने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सूचना तैयार कर 3 नवम्बर 2025 तक इस कार्यालय ई-मेल एवं हार्ड कॉपी में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

मोबाइल युग के तेजी से बढ़ते हुए वर्तमान में खेल बहुत जरूरी : पूर्व मंत्री रिणवा

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर युवा भारती स्टेडियम में दाधीच समाज राजलदेसर की ओर से राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं की ओर से रखा गया मंगलवार को प्रातः 9 बजे उद्घाटन समारोह का आयोजन रखा गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, कार्यक्रम के अध्यक्ष मंगलचंद दाधीच, सत्यनारायण दाधीच, मुरलीधर दाधीच सोहनलाल, माधव प्रसाद रायचंद दाधीच , पूर्व पालिका अध्यक्ष हंसराज पारीक के सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार राजकुमार रिणवा ने कहा वर्तमान में मोबाइल के युग के बढ़ते हुए बच्चों को शिक्षा साथ-साथ खेलकूद मैं भी भाग लेना जरूरी है जिससे बच्चों का शरीर स्वस्थ रहता है।

उन्होंने महर्षि दधीचि के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित खिलाड़ियों से कहा कि समाज के अंदर ऐसे कार्य करो जिससे आने वाली पीढ़ियां आपको याद करें कार्यक्रम के दौरान सत्यनारायण दाधीच ने बाहर से आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सभी खिलाडियों से परिचय किया एवं

राज्य स्तरीय महर्षि दधीचि क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा क्रिकेट खेलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया प्रतियोगिता में कुल 10 टीम भाग ले रही है।

उद्घाटन मैच बीसीसी सालासर व दाधीच लेजेंड के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बीसीसी सालासर टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आनंद दायमा की शानदार शतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 8 ओवर में 174 रनों का विशाल स्कोर बनाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजलदेसर दाधीच लेजेंड टीम 19 रनों पर ही सिमट गई । दूसरा मैच दाधीच बीकानेर स्ट्राइक्स व दाधीच वॉरियर्स डेगाना के मध्य खेला गया जिसमें बीकानेर स्ट्राइक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 102 रन बनाए जबाब में डेगाना की टीम 73 रन ही बना पाई।

तीसरा मैच दाधीच डोमिनेटर व दाधीच स्टाइलिश जयपुर के बीच खेला गया दाधीच डोमिनेटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर की टीम ने लक्ष्य को आसानी कर 10 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ़ द मैच देवेंद्र रहे। दिन का चौथा मैच राजलदेसर सिटी 11 व दाधीच सुपर किंग दिल्ली के बीच खेला गया। राजलदेसर ने पहले बल्लेबाजी करते हुई 62 रन बनाए दिल्ली की टीम ने तीन विकेट खोकर जीत दर्ज की मैन ऑफ़ द मैच दीप दाधीच रहे। अंतिम मैच राजलदेसर लेजेंड व निकुंज स्ट्राइकर सूरत के बीच खेला गया।

पहले मैच की तरह इस मैच में भी राजलदेसर लेजेंड की टीम ने कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया पहले बल्लेबाजी करने उतरी मात्र 34 रन ही बना सकी सूरत की टीम 9 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ़ द मैच गुडविन मिश्रा रहे। कार्यक्रम में प्रमुख व्यक्ति कमल दाधीच,उमाशंकर दाधीच, पंडित देवकीनंदन दाधीच, अनिल दाधीच , शरीफ छिंपा, पीयूष दाधीच, इंद्राज शर्मा, रमेश दाधीच, रामावतार सोनी, रतनलाल बारूपाल, किशन मारू, भगाराम प्रजापत सहित अनेकों दाधीच समाज के युवा मौजूद रहे।

कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के चूणा चौक स्थित आशीर्वाद पैलेस में पांचवें दिन मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पीठ से कथावाचक संतश्री हरिशरण जी महाराज ने कथा में श्री कृष्ण की बाललीला में कालिया नाग के साथ युद्ध की कथा सुनाते हुए महाराज जी कहा कि श्री कृष्ण ने अपने सखाओं के साथ यमुना नदी के किनारे गेंद खेलते समय गेंद को यमुना में फेंक दिया था। कृष्ण नदी में कूद गए और उन्होंने कालिया नाग से युद्ध करके उसे हराया और नदी को विषमुक्त किया।

उन्होंने बताया कि कालिया नाग ने यमुना नदी पर कब्जा कर लिया था और अपने विष से पानी को जहरीला बना दिया था। जिससे नदी का पानी दूषित हो गया था। कृष्ण ने कालिया नाग को युद्ध में हराया और उसके सिर पर नृत्य किया, जिससे कालिया नाग की हार हुई। कृष्ण ने कालिया नाग को यमुना नदी छोड़कर चले जाने का आदेश दिया। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि उसने पीछे मुड़कर देखा तो वह पत्थर बन जाएगा। अन्य बाल लीलाओं में उन्होने माखन चोरी और यशोदा मां के सामने संपूर्ण ब्रह्मांड के दर्शन कराने के प्रसंग का विस्तारपूर्वक विवेचन किया।

माखन चोरी के बारे में बताया कि कैसे कृष्ण गोपियों के घरों से माखन चुराते थे और खाते थे। कथा के दौरान भगवान कृष्ण एवं ग्वाल बाल की सुंदर बाल लीला एवं नेकी फोड़ की जीवंत झांकी सजाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही। कथा का शुभारंभ व्यासपीठ पर भागवत पूजन आयोजक तुलस्यान परिवार के स्नेहलता एवं डॉ. डीएन तुलस्यान द्वारा किया गया। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के तत्वावधान और श्री केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार की ओर से आयोजित इस भागवत कथा के धार्मिक आयोजन में आशीर्वाद पैलेस हाउसिंग सोसायटी सहित शहर की अन्य धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं भी सहयोगी है।

आयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कुलदेवी श्री राणीसती जी दादीजी एवं पितृ कृपा से भागवत कथा के आयोजन में प्रतिदिन दोपहर दो से शाम छह बजे तक भागवत कथा के साथ हर दिन सुबह पांच बजे प्रवचन, सात बजे प्रभात फेरी का आयोजन एवं प्रति दिवस सामाजिक सरोकारों में सेवा कार्य भी किए जा रहे है। प्रति दिवस सुबह प्रभात फेरी एवं कथा समापन से पूर्व इस्कॉन मंदिर के हरिभक्तों की ओर से हरिकीर्तन का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहा।

भागवत पूजन मूलपाठ पंडित संजू के आचार्यत्व में विद्वान पंडितों द्वारा किया गया। शहर के प्रसिद्ध पुष्करजी कैटर्स के हरीश तुलस्यान द्वारा प्रसाद की सुंदर व्यवस्था की गई एवं कथा स्थल को बहुत ही सुंदर रूप से मां भगवती डायमंड आर्ट के आशीष तुलस्यान द्वारा सजाया गया। कथा का समापन आरती पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

तारानगर (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा ने कॉमरेड निर्मल कुमार के नेतृत्व में विभिन्न मांगो को लेकर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार को ज्ञापन दिया। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से एमएसपी पर मूंगफली की फसलों को खरीद हेतु पोर्टल दुबारा शुरू करने, बकाया फ़सल बीमा क्लेम किसानों के खाते में जमा करने, क्रॉप कटिंग पर बीमा कम्पनी की अनावश्यक आपतियाँ खारिज करने, किसानों के खेतो से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनो के नीचे आने वाली कृषि भूमियों का मुआवजा बाजार भाव का चार गुना किसानों के खेतो में डालने, चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट कैनाल का 2.40 लाख हेक्टेयर रकबा जोड़कर नहरों का निर्माण करने, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बसे लोगों को रिहायशी पट्टे जारी करने आदि मांगे रखी। ज्ञापन देने से पहले किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया। इस मोके पर कॉमरेड उमराव विक्रम सोनी, किशन शर्मा, दुलीचंद, रामस्वरूप सहारण, गोपीराम पांडिया, देवीलाल डूडी, रणजीत सहारण, गोविंदराम बेनीवाल, बेगाराम प्रजापत, सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

एमएसपी पर मूंग, मूंगफली खरीद पोर्टल खोलने की मांग

चूरू (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा ने मूंग और मूंगफली के समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए पोर्टल फिर से खोलने की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम अति. जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा।

अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन टिकैत और अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने इस मांग का समर्थन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को किसानों के हित में यह पोर्टल तुरंत खोलना चाहिए। किसान सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट इन्द्राज सिंह ने बताया कि 18 अक्टूबर को पोर्टल केवल एक दिन के लिए खुला और उसके बाद बंद हो गया। किसान ई-मित्र केंद्रों पर कतारों में खडे रहे, लेकिन पंजीकरण बंद होने और टोकन नहीं मिलने से उन्हें निराशा हुई।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने कहा कि सरकार ने पोर्टल बंद कर किसानों के साथ विश्वासघात किया है। इससे किसान ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और समर्थन मूल्य से वंचित हो जाएंगे। उन्हें अपनी फसल को बाजार में औने-पौने दामों पर बेचना पड़ रहा है। जिससे व्यापारियों द्वारा ठगी का शिकार होने की आशंका है। सिहाग ने यह भी बताया कि रबी फसल के समय सरकार किसानों को खाद, बीज और उर्वरक उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पोर्टल बंद होने पर भी उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

इस अवसर पर किसान सभा के दीपाराम प्रजापत, हरचंदराम, हरफूल सिंह भाम्बू, रणवीर सिंह कस्वां, रामलाल सहारण, प्रकाश लाम्बा, धर्मपाल सहारण, रामनिवास भांबू, हनुमान प्रसाद शर्मा, भंवर सिंह, देवकरण डेडवाल, नारायणराम कड़वासरा, गुमानाराम मांझू, देवकरण जांगिड़, अमरचन्द शर्मा, मनीराम, रेखाराम, गिरधारीलाल, पूर्णाराम, चुन्नाराम, लालचन्द, रामनिवास व शुभकरण सहित अनेक किसान मौजूद थे।

खाटूश्यामजी के विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली

- जनप्रतिनिधियों ने खाटूश्यामजी के विकास को लेकर सुझाव दिए
- 'श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को मिले सुविधाएं'

सीकर, (निसं)। खाटूश्यामजी के विकास एवं बाबा श्याम के दर्शनाथर्थो को सुगमता से दर्शन व्यवस्था को लेकर स्वदेश दर्शन 2.0 की बैठक उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में जयपुर के पर्यटन भवन में मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, दांतारामगढ़ प्रत्याशी रहे गजानंद कुमावत सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिका अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि स्वदेश दर्शन 2.0 योजना से खाटूश्यामजी का विस्तृत विकास करके श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों सहित व्यापारियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बैठक में खाटूश्यामजी के विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिये।

उन्होंने सुझाव सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वदेश दर्शन 2.0 के माध्यम से सभी सुझावों को शामिल करते हुए शीघ्र ही एक कमेटी का गठन करें। कहा कि कमेटी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों को शामिल करते हुए इसकी एक बैठक आयोजित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए खाटूश्यामजी के विकास को गति देने का काम करें।

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने सुझाव दिया कि मंदिर में बाबा श्याम के दर्शन के लिए आने श्रद्धालुओं को सही मार्ग व सुगमता से दर्शन व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार से मिले स्वदेश दर्शन योजना में मिली 88 करोड़ की राशि का सुदपयोग किया जाए। कहा कि पाकग की समुचित व्यवस्था हो, ई-रिक्शा के माध्यम से श्रद्धालुओं की मंदिर स्थल तक पहुंच हो, आवागमन के लिए सुगमता भरे रास्ते तैयार हो, जलपान की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे गजानंद कुमावत ने कहा कि मेले के दौरान स्थानीय नागरिकों को आने-जाने में कोई व्यवधान नहीं हो इसके लिए रिंग रोड की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत ने कहा कि मल्टी स्टोरिज पार्किंग व्यवस्था की जाए और अन्य पार्किंग स्थानों को दो तरफा डिवाइड की जानी चाहिए जिससे आवागमन में बाधा नहीं होगी। मंदिर कमेटी के प्रताप सिंह ने सुझाव रखा कि मंदिर के निकास द्वार को चौड़ा किया जाना चाहिए जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने के बाद बाहर निकलने में आसानी रहे।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड, दांतारामगढ प्रत्याशी रहे गजानंद कुमावत, जिला महामंत्री राजेश रोलन, विधानसभा प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कारंगा, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, पवन पुजारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष ममता मूंडोतिया, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह, प्रताप सिंह चौहान, मानवेंद्र सिंह, दांतारामगढ़ एसडीएम व सीकर एडीएम आदि मौजूद रहे।

वॉलीबॉल महिला-पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान वालीबाल संघ की ओर से 7०वी सीनियर स्टेट वॉलीबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ रंगारंग कार्यऋम के साथ हुआ।

अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं ओलंपियन पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया, पूर्व सांसद रामसिंह कस्वा तथा थाना अधिकारी राजेश सिंह सिहाग ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मंगलवार शाम चार बजे मिली जानकारी के अनुसार इस मौके पर अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य भर से महिला वर्ग की 29 टीमें और पुरुष वर्ग की 41 टीमें भाग ले रही हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णा पूनिया ने खिलाडियों को खेलों में आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलने वाला ही सच्चा खिलाडी कहलाता है। उन्होंने जीत-हार से ऊपर उठकर खेल को अनुशासन के साथ खेलने को सच्ची खेल भावना बताया।

पूर्व सांसद रामसिंह कस्वा ने कहा कि खेल ना केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द भी बढाते हैं। इस मौके पर थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने कहा कि युवा पीढी को खेलों की ओर अग्रसर होना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।उद्घाटन के बाद महिला व पुरुष वर्ग के लीग मैचों का रोमांचकआगाज हुआ।स्टेडियम में सैकडो की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

न्यायालय, अपर न्यायाधीश नरकटियागंज, प0 चम्पारण। स्वत्व वाद संख्याः-30/2025

असहाबुल्लाह .....वादी

बनाम

आशिष कुमार रजगड़िया वगै0 ..प्रतिवादीगण

नोटिस

बनाम

सुरेश कुमार शर्मा पिता स्व सीताराम शर्मा, साकिन-सुलखनिया बारा, सुलखनिया पो वो थाना-चुरू राजस्थान-331303

चूँ बजरिये अखबार के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी असहाबुल्लाह पिता निजामुद्दीन उम्र 45 वर्ष, ग्राम वृत्ति टोला मरहिया, पोस्ट वो थाना-लौरिया, जिला- प चम्पारण ने आपके विरूद्ध उपरोक्त स्वत्व दाखिल किया है जिसमें आपको न्यायालय द्वारा सम्मन एवं रजिस्ट्री के माध्यम से नोटिस भेजा जा चूका है परन्तु आपकी उपस्थिति अभी तक इस वाद में वांछित है।

अतः आपको अखबार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस वाद में अगली निर्धारित तिथि 06-11-25 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन समय पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध इस वाद में एकपक्षीय आदेश पारित कर दी जाएगी।

इसे ताकिद समझे।

आज दिनांक 26-09-25 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी किया गया।

अवर न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय
नरकटियागंज, चम्पारण

उत्तर पश्चिम रेलवे

रजिस्ट्री सं.डी.एल.-33004 / 99 REGD. NO. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-आर.जे.अ.- 18102025-267020
CG-RJ-E-18102025-267020
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4579] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्टूबर 17, 2025/अश्विन 25, 1947
No. 4579] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 17, 2025/ASVINA 25, 1947

रेल मंत्रालय
[(उत्तर पश्चिम रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
जयपुर, 16 अक्टूबर 2025

का.आ. 4708(अ). केन्द्रीय सरकार ने रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) एवं रेलवे (संशोधन) अधिनियम 2008 (2008 का 11) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि लोक प्रयोजन के लिए, उक्त भूमि जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है राजस्थान राज्य के चूरू जिला में "चूरू-सादुलपुर दोहरीकरण (57.82 किमी) की विशेष रेल परियोजना" के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबन्धन और परिचालन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के आशय की घोषण करती है:

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के सम्बन्ध में आक्षेप कर सकेगा:

प्रत्येक ऐसा आदेश सक्षम अधिकारी अर्थात सक्षम प्राधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी/उपखण्ड मजिस्ट्रेट-तारानगर जिला चूरू राजस्थान को लिखित में किया जायेगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित करेगा और सक्षम अधिकारी अपेक्षा कर्ता को व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जाँच यदि कोई है जिसे सक्षम अधिकारी आवश्यक समझे करने के पश्चात आदेश द्वारा या तो आक्षेप का अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा-20 घ की उपधारा (2) के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि रेखांकन और भूमि के अन्य ब्यौरे उपलब्ध है और हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम अधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय में उनका निरीक्षण किया जा सकेगा।

अनुसूची

राजस्थान राज्य चूरू- सादुलपुर दोहरीकरण की विशेष रेल परियोजना हेतु (तारानगर उपखण्ड के लिये) अधिग्रहण की जाने वाली संरचना

क्र०सं	उपखण्ड /तहसील का नाम	गाँव का नाम	सर्वे/खसरा संख्या	भूमि का प्रकार	भूमि की प्रकृति	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	अवाप्ति की जाने वाली भूमि (क्षेत्रफल हेक्टेयर में)
1	तारानगर	ढिंगी	25	निजी	बारानी दोयम	3.6418	0.0668 है.

[फा. सं. उपरे /मुख्यालय/एस एण्ड सी /443599200 भाग-20]
राजीव श्रीवास्तव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

1372-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025

राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

औद्योगिक भूखण्डों का डायरेक्ट अल